



## एक नजर में

### महेश्वर के समीप ग्राम खराड़ी भीषण हादसा टला कुत्ते को बचाने में पुलिया से गिरी कार, दम्पति सुरक्षित

**महेश्वर, निप्र ।** महेश्वर तहसील के पास ग्राम खराड़ी में गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। धामनोद से महेश्वर लौट रहे एक दंपत्ति की कार, कुत्ते को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। गनीमत रही कि कार में सवार दम्पति , शैलेंद्र परिहार और उनकी पत्नी, पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह की गंभीर चोट नहीं आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश्वर निवासी शैलेंद्र परिहार अपनी पत्नी के साथ धामनोद के डीपीएस स्कूल में आयोजित पेरेंट्स मीटिंग से अपनी मित्र की गाड़ी से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान, लगातार



बारिश के कारण सड़क पर फिसलन थी। अचानक, एक कुत्ता सड़क पार करते हुए उनकी कार के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए शैलेंद्र ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे कार पर से उनका नियंत्रण हट गया और वह पुलिया के किनारे से सीधे नीचे जा गिरी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और बारिश के पानी से भरे गड्ढे में फंसी हुई थी। ग्रामीणों ने बिना देर किए बचाव कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने ट्रेक्टर और रस्सियों से कार को बाहर निकालने का प्रयास किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत और ग्रामीणों की निस्वार्थ मदद से आखिरकार कार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बारिश के मौसम में सड़कों पर गाड़ी चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस को भी ऐसे खतरनाक मोड़ों और पुलियाओं के पास अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने पर विचार करना चाहिए।

### 40 फीट ऊंचा सनातन धर्म ध्वज स्थापित किया,उत्तम स्वामी की होगी कथा



**मंडलेश्वर, निप्र ।** नर्मदा तट स्थित माधवाश्रम न्यास गौशाला में आगामी 11 सितंबर से होने वाली भव्य कथा की तैयारियां शुरू हो गई है ।श्रीगीता गौमाता मां नर्मदा सेवा समिति मंडलेश्वर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कथा को लेकर शुक्रवार को कथा स्थल का भूमिपूजन और धर्म ध्वज की स्थापना धार्मिक अनुष्ठान के साथ सम्पन्न हुई। नर्मदालय आश्रम की भारती दीदी ठाकुर, प्रांत संघ चालक प्रकाश जी शास्त्री विधायक राजकुमार मेव माधव आश्रम न्यास के सचिव अमित जोशी की उपस्थिति में धार्मिक अनुष्ठान के बाद धर्म ध्वज स्थापित किया गया ।आयोजन समिति के संयोजक विवेक भटोरे ने बताया कि 11 से 13 सितंबर तक चलने वाली तीन दिवसीय भव्य कथा में गीता गौमाता और मां नर्मदा पर प्रवचन दिए जाएंगे ।व्यासपीठ पर परमपूज्य श्री श्री 1008 ईश्वरानंद जी महाराज उत्तम स्वामी विराजित होकर कथा श्रवण कराएंगे ।कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक होगी जिसमे दिग्गविजय सिंह ,भूपेंद्र सिंह,विक्की पाटीदार,अनिल पाटीदार,नितिन पाटीदार,भवर पटेल उपस्थित रहे

### हंड्रेड डायल के स्थान पर 112 नम्बर डायल करने पर आएगी पुलिस



**मंडलेश्वर, निप्र ।** अब आम जनता को पुलिस बुलाने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा क्योंकि अब डायल 100 का अपडेट वर्जन डायल 112 आ चुका है डायल करने के कुछ मिनट में ही पुलिस आपके सामने होगी ।गुरुवार की रात मंडलेश्वर पुलिस थाना परिसर में नए वाहनो को हरी झंडी दिखाकर विधायक राजकुमार मेव ने रवाना किया ।विधायक ने इस अवसर पर कहा कि नए वाहन अब जनता की सेवा और सुरक्षा दोनों कर सकेंगे अब इन वाहनों के स्ट्रेचर भी रहेगा जो दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकट के अस्पताल तक पहुंचाने का कार्य भी करेंगे ।इस सुविधा से दूर दराज के ग्रामीण इलाकों के लोगों को पुलिस सुरक्षा के साथ मेडिकल सुविधा का लाभ भी मिल सकेगा ।थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि नए डायल 112 वाहन में आधुनिक जीपीआरएस सिस्टम लगाया गया है जो पुलिस कंट्रोल रूम को लाइव लोकेशन देगा जिससे कंट्रोल रूम डायल 112 वाहन को घटना स्थल तक पहुंचने के लिए छोटा और तेज रास्ता बता सकेगा।

### गोगावां थाने को मिली सीसी कैमरे से लैस डायल 112 वाहन

**गोगावा, निप्र ।** शुक्रवार थाना गोगावा को भी जिले से डायल 112 वाहन का




लाभ मिला है थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे ने बताया कि यह वाहन सर्व सुविधा युक्त है इसमें दो केमरे के साथ ही कम्प्यूटर भी उपलब्ध हे यह वाहन मिलने से थाना क्षेत्र के लोगो को इसका लाभ मिलेगा इसमे दो वाहन चालक की सुविधा रहेगी क्षेत्र में कोई भी अप्रिय घटना की स्थिति में भोपाल स्तर से जो भी इवेंट वाहन को मिलती है तो ग्रामीणों को इस वाहन का सही लाभ तुरंत मिलेगा जिसमे एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी तैनाती 24घंटे ग्रामीणों को उपलब्ध रहेगी। आज प्रथम दिन वाहन की ड्यूटी पर तैनात आरक्षक विशाल सोलंकी बैच न.943 के साथ चालक रोहित माहेश्वरी बेच नंबर 3430 की तैनाती से वाहन का शुभारंभ थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे ने किया इस दौरान उपनिरीक्षक रितेश तायडे,शेख शकील खान, राजेंद्रसिह चौहान, प्रियंका जमरे, प्रधानआरक्षक दिनेश मंडलोई ,भोला प्रसाद द्विवेदी , मनमोहन, नानकराम,परसराम भास्कर,कृष्णा चौहान आदि स्टाफ भी मौजूद था।

### जापानी मशीन से वन स्टॉफ का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**खरगोन।** परिक्षेत्र कार्यालय के सभागार में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन गया। वनमण्डल अधिकारी रमेश राठौर ने बताया कि वन परिक्षेत्र खरगोन एवं उप वनमण्डल बिस्टान के स्टॉफ का चिकित्सकों ने जापान की आधुनिक मशीन से स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉ. धर्मेंद्र वर्मा ने अमले को बताया कि जंगलों में तैनाती के दौरान खान- पान का विशेष ध्यान रखें। खासकर किस तरह का पानी पीने योग्य है, इसकी जानकारी भी दी। बीपी, शुगर एवं वजन का परीक्षण किया गया।

# जर्जर नर्मदा परिक्रमा मार्ग : यात्रियों और ग्रामीणों की मुश्किलें बरकरार



नवभारत न्यूज

**सनावद निप्र। बड़द से टोकसर तक का नर्मदा परिक्रमा मार्ग, जो कभी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ( पीएमजीएसवाई ) की उपलब्धि माना जाता था, आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।**

यह मार्ग जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे नर्मदा परिक्रमा करने वाले तीर्थयात्रियों और स्थानीय ग्रामीणों के लिए आवागमन दूभर हो गया है। यह सड़क न केवल परिक्रमावासियों के लिए आस्था का प्रतीक है, बल्कि आसपास के गांवों के लिए आवागमन का एकमात्र जरिया भी है।

बारिश के मौसम में स्थिति और विकट हो जाती है। गड्ढों में पानी भरने, कीचड़ और फिसलन के कारण दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है। पैदल चलने वाले परिक्रमावासी, स्कूल जाने वाले बच्चे और विशेष रूप से गर्भवती महिलाएं इस जर्जर मार्ग पर सबसे अधिक परेशानी झेल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग की दुर्दशा के चलते दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, और आपात स्थिति में चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासियों, जिनमें नितेश नांदिया (टोकसर), शांतिलाल वर्मा (पितनगर), कुंदन बिरला (अली खुर्द) आदि शामिल हैं, ने बताया कि कई बार प्रशासन को शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। ग्रामीणों में इस उदासीनता को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस मार्ग की मरम्मत नहीं की गई, तो हालात और बदतर हो सकते हैं।

#### कब तक बदहाली जारी रहेगी

ग्रामीणों और परिक्रमावासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग का तत्काल पुनर्निर्माण और रखरखाव किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और ग्रामीणों की जरूरतों को सम्मान मिल सके। प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कब तक यह बदहाली जारी रहेगी?

## उत्साह और उमंग के साथ निकला मिलादुन्नबी का जुलूस

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र। कसरावद में मुस्लिम समाज ने पैगम्बर साहब के जन्मदिन के खास अवसर पर -उत्साह और उमंग के साथ मिलादुन्नबी का जुलुस निकला ।**




शहर सदर रईस कुरैशी ने बताया की पैगम्बर साहब के जन्मदिन दिन के खास अवसर पर सुबह 10 बजे ईदगाह मस्जिद से जुलुस निकला गया जिसमे बड़ी संख्या मे रंग बिरंगी पोषक मे नन्हे मुन्ने बच्चे जुलूस में शामिल हुए तो वहीं शहर काजी , इमाम , एवं हाजी साहिबान घोड़े, पर सवार होकर शामिल हुए सभी जुलुस में धर्मिक नाते पाक पढ़ते रहे साथ ही नारे ताकबीर अल्लाह हूं अकबर के नारे लगाते हुए समाज जन चल रहे...थे।

शहर काजी इरफान नूरी साहब ने इस अवसर पर सभी को मुबारकबाद देते हुए देश की अमन खुशहाली और तरक्की की दुआएं की उन्होने कहा की हमारे पैगंबर साहब का फरमान हैं की जिस देश मे रहो उसके प्रति हमेशा वफादार रहे हमें इस मुल्क की आन बान शान को बनाये रखना हैं।

नगर परिषद के सामने कांग्रेस नेता एवं वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव एवं डॉक्टर शिरीष जायसवाल सहित उनकी टीम ने जुलूस का स्वागत फूलो मालाओं से किया। तो वहीं पार्षद प्रतिनिधि भाजपा नेता हेमंत सोनी और उनकी टीम ने भी जुलूस का फूल मालाओं से स्वागत किया इस अवसर पर सभी मुस्लिम भाई मिठाई आइसक्रीम बिस्किट पानी की बोतल बांट रहे थे तो वही मुस्लिम हेला जमात द्वारा पूरे जुलूस के लिए पोहे और आलू बड़े का स्टॉल लगाया। जुलूस पुराना तहसील ऑफिस राम मंदिर चौक होते हुए जमा मस्जिद पहुंचा जहां पर तकरीर के बाद तबरूक तकसीम किया गया।

जुलूस में तस्लीम खान पूर्व पार्षद, अकील शेख, मुजाहिद खान, अबरार पठान पत्रकार, अकील खान पत्रकार, नईम शेख पत्रकार, अजीज सूफी पत्रकार,शकील मैकेनिक, सोमी खान सहित बड़ी संख्या में बच्चे बूढ़े नौजवान सभी शामिल हुए।

## संगीता देसाई को जिलास्तरीय शिक्षक सम्मान




**सनावद निप्र।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षीका श्रीमती संगीता देसाई को लगातार 10 वर्षों से अधिक समय से निर्धन छात्र छात्राओं की स्कूल फिस, पाठ्य पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करवाने, गणवेश खरीद कर निःशुल्क निर्धन छात्राओं को उपलब्ध करवाने एवं अन्य आर्थिक सहयोग गुप्त दानदाताओं से सह?योग लेकर ऐसे छात्र छात्राओं की मदद करने जैसे उनके उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्यों हेतू जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान से श्रीमति देसाई को जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेन्द्र कानूडे ने 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर एक समारोह में जिलास्तर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित क्रिया इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमति देसाई के पति शिक्षक शिशिर देसाई को भी शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने हेतु सम्मानित किया गया। स्मरणीय है की शिशिर देसाई को पूर्व मे भी जिला स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ है साथ ही गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर खरगोन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान भी प्रदान किया जा चुका है। देसाई शिक्षक दम्पत्ति के शिक्षा क्षेत्र मे किए गये उत्कृष्ठ कार्यों की क्षेत्र के समाजसेवी जन प्रतिनिधियों ने प्रशंसा करते हुए बधाइयां दी है। उधर शालाओं के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने देसाई परिवार की सराहना करते हुए जिला प्रशासन का आभार माना है।

### ईद मिलादुन्नबी जुलूस का भव्य स्वागत किया



**खरगोन।** नगर में पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के 1500वें जन्मदिवस के अवसर पर निकले ईद मिलादुन्नबी जुलूस का झंडा चौक पर शिवडोला समिति व मुस्लिम सद्भावना मंच द्वारा सेवा मंच लगाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिवडोला समिति अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी, संरक्षक मनोहर भावसार, दीपक डंडीर, उपाध्यक्ष डॉ. मोहन भावसार, सचिव विनीत महाजन, राजू जैन, प्रवक्ता प्रकाश भावसार, सदस्य हरीश गोस्वामी, संतोष मुकाती, रमाकांत महाजन, अर्पित गुप्ता, सद्भावना मंच के अजीजुद्दीन शेख, अल्ताफ आजाद, आरिफ खान आदि ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया।

बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, तोस आदि बांटकर जुलूस में शामिल समस्त मुस्लिम समाजजन को पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी की हार्दिक बधाई दी। शिवडोला समिति अध्यक्ष श्री भंडारी ने कहा शहर में शिवडोला समिति 25 वर्ष से अधिक समय से प्रतिवर्ष ईद मिलादुन्नबी जुलूस का स्वागत करते आ रही है। शिवडोला अवसर पर मुस्लिम सद्भावना मंच, बोहरा समाज द्वारा भी सेवा मंच लगाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाता है। यह वर्तमान व आने वाले पीढ़ी को एक-दूसरे धर्मावलंबियों के तीज-त्योहारों का सम्मान करने व शहर में आपसी सौहार्द व भाईचारे को बढ़ावा देने की सीख देता है।

### पुष्प वर्षा कर मुस्लिम समुदाय ने पड़ी नाते



**गोगावां ।** शुक्रवार मुख्यालय पर मुस्लिम समाज जन ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया। ईद का जुलूस सुबह 8-30 बजे नूरी मस्जिद चौक से निकाला गया जो की नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस नूरी मस्जिद चौक पहुँचा। ईद मिलादुन्नबी जुलूस में मस्जिदों से आए पड़ने वाले बच्चो की तादात अधिक थी जुलूस अपने तय मार्ग , पुराना खत्री जमाअत खाना, जामा मस्जिद मार्ग, सराफा बाज़ार , मुख्य चौराहे से निकाला गया। जुलूस का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया ।जुलूस में शामिल होने वाले जायरीनों को नूरी मस्जिद चौक में स्वल्पाहार भी कराया गया। जुलूस में जश्ने ईद मिलादुन्नबी , सरकार की आमद के नारे लगे और पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब की शान में नाते पढ़ी गई। जुलूस में नयापुरा एवं नगर से सटे ग्राम शाहपुरा, अदलपुरा, हाफिज बाबा बैड़ी मस्जिदों से आएं इमामो का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत भी किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे मय बल के जुलूस में साथ चल रहे थे।



### एकलव्य विद्यालय झिरन्या में शिक्षक दिवस का आयोजन

**खरगोन।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्रा भारती को प्राचार्या की जिम्मेदारी सौंपी गई एवं कक्षा 12वीं के अन्य विद्यार्थियों ने शिक्षक बनकर विभिन्न कक्षाओं में पढ़ाकर इस दिवस को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सभागार में प्राचार्या रेखा रानी चौहान, स्कूल कैप्टन राहुल तथा भारती द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर सचिन जाधव, गौतम जनरे एवं पायल बड़ोले को ईएमआरएस 6वें राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव 2025 की सम्भाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

### ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाया



**बिस्टान नि प्र ।** मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलादु न्नबी का त्योहार शुक्रवार को मनाया गया । मस्जिद चौक परिसर से समाज जनों द्वारा जुलूस निकाला गया। सदर अरशद पठान ने बताया कि जुलूस मारुति मोहल्ला से विभिन्न मार्गो से होते हुए। पुनः मस्जिद चौक पहुंचा। यहां पर जुलूस का समापन हुआ । अतुल बंगाले, पार्षद राजेश मंडलोई, नितीन मिश्रा , तोताराम गोलकर ,आदि ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का सुवागत किया।




### शासकीय आईटीआई सेगांव में मनाया शिक्षक दिवस

**खरगोन।** नवीन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सेगांव में 05 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य श्री सुनील क्षेत्रे द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात कु. रूपाली माली द्वारा सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत करते हुए किया गया।

इस दौरान अरविंद यादव ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि आज का दिन उन सभी गुरुजनों को समर्पित है, जो हमें अज्ञान के अंधेरे से निकाल कर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। शिक्षक सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक प्रेरणा है, मार्गदर्शक है और एक दोस्त भी है। जैसे एक माली पौधों को सींचकर उन्हें बड़ा करता है, वैसे ही हमारे शिक्षक अपने ज्ञान के धैर्य और प्रेम से हमारे भविष्य को संवारते हैं। आज का दिन भारत के द्वितीय राष्ट्रपति महान दार्शनिक एक आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। जिनका जन्मदिन हम सब शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं ।कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी आकाश चौहान, नीरज साहू द्वारा भाषण एवं पीयूष यादव,आदित्य आस्के द्वारा गीत तथा मोहित मंडलोई, सुजल वर्मा, राजकुमार आर्से द्वारा सामूहिक मध्य प्रदेश गीत प्रस्तुत किया गया।

## पैगंबर साहब के जन्मदिन पर निकला जुलूस, बंटी मिठाई- चॉकलेट

**खरगोन।** शहर सहित जिले में 1500 वां ईद मिलादुन्नबी का पर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। हजरत पैगंबर साहब के जन्मदिन पर शहर के विभिन्न इलाकों से छोटे- छोटे जुलूस के रुप में बच्चे, युवा और बुजुर्ग रामेश्वर टॉकिज क्षेत्र पहुंचे। यहां से सुबह 9 बजे जुलूस ने विशाल रुप अख्तियार किया। इस दौरान हाथों में इस्लामी झंडे, तिरंगे लिए नारे लगाते चल रहे थे। जुलूस का जगह-जगह मंच लगाकर स्वागत करने के साथ ही बिस्किट,




चॉकलेट, मिठाई आदि का वितरण बच्चों में किया गया। ऐहले सुन्नत वल जमात जिला सदर आवेश अली सैय्यद ने बताया इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक तीसरा माह 12 रबी उल अव्वल को इस्लाम धर्म के अनुयायी पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन को ईद मिलादुन्नबी के रुप में मनाया जाता है। जुलूस परंपरागत मार्गो से होकर पुरानी सब्जी मंडी तार घर के सामने पहुंचा, जहां सभी मौलाना एवं धर्मगुरुओं ने आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया। आयोजन के दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

सद्भावना मंच संयोजक अजीजुद्दीन शेख, शिव डोला समिति नींबू सेठ, अभिभाषक संघ, रघुवंशी समाज अध्यक्ष दीपक डंडीर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने जुलूस का स्वागत कर फल और मिठाइयां बांटी।

**एक नजर में** — डायल 100 के स्थान पर होगी नवीन डायल 112 पुलिस वाहन सेवा।

## आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवीन डायल-112 पुलिस सेवा प्रारंभ की

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र। मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवीन डायल-112 पुलिस सेवा प्रारंभ की गई है।**



इस सेवा के अंतर्गत थाना कसरावद जिला खरगोन को कुल 02 पुलिस वाहन प्राप्त हुए हैं, जो अब से क्षेत्र में आमजनों की सेवा हेतु संचालित किए जाएंगे। पूर्व से संचालित डायल 100 वाहनों का ही नवीन अपग्रेड वर्जन डायल 112 वाहन है, जो नवीन आधुनिक तकनीक से लैस है।

जिन्हें थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन एवं अन्य स्टॉफ तथा वरिष्ट नागरिक, व्यापारी ,पत्रकारों एवम् गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पुलिस थाना कसरावद से जिला खरगोन की जिला पंचायत अध्यक्ष अन्नूबाई तंवर जी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर थाना क्षेत्र में रवाना किया गया।

थाना कसरावद पुलिस ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि आपातकालीन परिस्थितियों में निःसंकोच डायल-112 पर संपर्क कर पुलिस सहायता प्राप्त करें और इस जन-उपयोगी सेवा का लाभ उठाएँ।

#### यह सेवा पूर्णत : निशुल्क उपलब्ध रहेगी

इन वाहनों की उपलब्धता से थाना क्षेत्र में किसी भी आपात स्थिति—जैसे अपराध, सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, सायबर सुरक्षा, आगजनी, आपदा प्रबंधन अथवा अन्य आपातकालीन स्थिति में नागरिक डायल 112 पर कॉल कर तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे। यह सेवा पूर्णत : नि :शुल्क एवं 24म7 उपलब्ध रहेगी।